पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 23/08/2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 05 | क्रम सं०(Serial No.) 5

आईजीआई पर सीआईएसएफ जवानों की बहादुरी से बची जान

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :दिल्ली एयरपोर्ट पर 20 अगस्त को सीआईएसएफ जवानों की तत्परता से एक व्यक्ति की जान बच गई है। एयरपोर्ट के अराइवल फोरकोर्ट एरिया में एक शख्स अचानक गिरा और बेहोश हो गया। इसी दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात एक सीआईएसएफ जवान ने तुरंत उन्हें देखा और मौके की नजाकत को भांपते हुए तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया। आसपास वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। ये घटना पास ही लगे सीसीटीवी फुटेज में रिकार्ड हो गई।

अराइवल फोरकोर्ट एरिया में 20 अगस्त को रशिद आयूब को अचानक सुबह 11.20 मिनट पर हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद वहां खड़े एक सीआईएसएफ जवान ने उनकी जान बचाई। बताया जा रहा है कि श्रीनगर जाने वाले इंडिगो एयरलाइन्स के यात्री अरशिद आयूब को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और वो गिर गए। आयूब को गिरता देख सीआईएसएफ के क्यूआरटी जवानों ने तुरंत उन्हें सीपीआर देना शुरू किया। साथ ही वहां मौजूद मेदांता के डॉक्टर भी मौजूद थे उन्होंने भी तुरंत इलाज शुरू किया। जिससे यात्री की जान बच पाई। बाद में यात्री को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि यात्री की स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। इससे पहले भी जून माह में सीआईएसएफ के एक जवान ने एक यात्रा की जान बचाई थी। विस्तारा फ्लाइट के पैसेंजर बलवीर सिंह अचानक बेहोश हो गए थे जिसके बाद वहां खड़े सीआईएसएफ के जवान लक्ष्मण उपाध्याय ने तुरंत उन्हें सीपीआर देना शुरू किया। इससे यात्री को होश आ गया। इसका भी सीसीटीवी फुटेज सामने आया था।